# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026





## खबर संक्षेप

### महिला के साथ मारपीट सरपंच सहित तीन के खिलाफ अपराध दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम नांदगांव में सरपंच सहित तीन लोगों के विरूद्ध एक महिला के साथ गाली गलौज, मारपीट व गलत इशारा किए जाने के मामले में सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम नांदगांव की एक महिला ने एफआईआर में बताया कि वह भूमिहीन है। सरपंच भारत गेंड्रे ने प्रार्थिया को 19 जनवरी को ब्यारा में बुलाकर गलत इशारा व गाली गलौज कर कहा कि तुम्हारा नाम भूमिहीन सूची से नाम काट दिया गया है। इस दौरान सरपंच के साथियों द्वारा प्रार्थिया के साथ गाली गलौज व मारपीट भी की गई। वहीं शाम 6 बजे ग्राम पंचायत नांदगांव के सरपंच भारत गेंड्रे, केशरी गेंड्रे, सुजीत गेंड्रे द्वारा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3), 79 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### चंडी गेट के पास एक्सीडेंट, दो की मौत

**महासमुंद।** बिरकोनी के चंडी गेट के पास बाइक की टक्कर से दो लोगों की मौत हो गई। सिटी कोतवाली पुलिस ने बताया कि टोकराम यादव पिता गैतराम यादव (50 वर्ष) झारा थाना खल्लारी व सूरज निषाद पिता रमेश निषाद (22 वर्ष) झारा थाना खल्लारी 03 जनवरी को रात्रि 11 बजे अपनी मोटर सायकल से बिरकोनी चंडी मंदिर दर्शन करके वापस आ रहे थे। चंडी गेट के पास पहुंचने पर पीछे से मोटर सायकल सीजी 04 पीजेड 2495 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे दोनों गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल इलाज के लिए लाया गया, जहां जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### नशीली दवा का परिवहन कर रहे युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** नशीली दवा का परिवहन कर रहे एक युवक को सरायपाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 5 फरवरी सूचना मिली कि ओडिशा की ओर से एक मोटर सायकल में एक युवक प्रतिबंधित टेबलेट लेकर सरायपाली की ओर आ रहा है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने फॉरेस्ट नाका सिरपुर के पास उसे पकड़ा।

## कार्यक्रम : जनप्रतिनिधियों ने अपने परीक्षा अनुभवों को बच्चों के साथ साझा किया

# परीक्षा को उत्सव की तरह मनाएं डर को मन से निकालें : पीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद




परीक्षा को एक उत्सव के रूप में तभी लिया जा सकता है जब अपने मन में हम परीक्षा के डर को दूर करें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों से बातचीत करते हुए यह बात कही। उन्होंने परीक्षा के तनाव को दूर करने के लिए बच्चों को बहुत सारे टिप्स एंड ट्रिक बताएं। आज देश भर में एक साथ प्रातः 10:00 बजे से सभी स्कूलों में इस कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। गरियाबंद जिले में भी सभी स्कूलों में इसके प्रसारण के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई थी। आज प्रातः 10:00 बजे पीएम श्री हायर सेकेंडरी स्कूल गरियाबंद में जिला स्तरीय परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, शिक्षकों के अलावा शाला प्रबंध समिति के सदस्यों सहित नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, शाला समिति के अध्यक्ष प्रशांत मानिकपुरी, मुरलीधर सिन्हा, डीएमसी शिवेश शुक्ला ने इस अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए परीक्षा में बेहतर रणनीति बनकर अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष आसिफ खान, आशीष शर्मा, सुरेंद्र सोनटेके, विष्णु मरकाम, बिंदु सिंहा, रेणुका साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, एपीसी मनोज केला, विल्सन थॉमस , प्राचार्य वंदना पांडे, शिक्षक रघुनाथ साहू, यामिनी साहू, संध्या ठाकुर उपस्थित थे।

### शिवांगी ने प्रधानमंत्री के परिक्षा पे चर्चा सुनी



**पाण्डुका।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अतरमरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय वर्चुअल टीवी के माध्यम से आयोजित परिक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में छात्र - छात्राओं के साथ जिला पंचायत सभापति शिवांगी चतुर्वेदी शामिल होकर प्रधानमंत्री के परिक्षा पे चर्चा सुनी। इस अवसर पर शिवांगी चतुर्वेदी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री का विद्यार्थियों के साथ सीधा संवाद सार्थक और नवाचारी है। जो विद्यार्थियों को जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन देता है और चुनौतियों के समाधान के लिए नई प्रेरणा और आत्मबल प्रदान करता है, तथा उपस्थित सभी विद्यार्थियों ने परिक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को परिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने वाला महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताया। इस दौरान जिला पंचायत सभापति श्रीमती शिवांगी चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार व्यक्त किया। परीक्षा पे चर्चा सुनने संस्था के समस्त विद्यार्थी संस्था के प्रधान पाठक श्री खेमलाल यादव शिक्षिका गीता ध्रुव, मारग्रेटविक्रम, चंपा सेन, कीर्तन साहू, श्री रूपराम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला एवं हेमंत विश्वकर्मा, श्री बलराम साहू, चिरंजीव साहू, ग्राम ग्राम पंचायत अतरमरा के उपसरपंच एस कुमार सिन्हा, पंच कामिनी ठाकुर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री जगत राम सिन्हा तथा जनप्रतिनिधि एवं पालक गण उपस्थित रहे।

# मैनपुर के सुस्त पंचायत सचिवों को अल्टीमेटम, होगी कार्रवाई



### स्वच्छता मिशन में लापरवाही पर बरसे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के क्रियान्वयन में उदासीनता बरतने वाले पंचायत सचिवों पर प्रशासन का रुख अब सख्त हो गया है विकासखंड मैनपुर में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि लापरवाही जारी रहने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री बीएस उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर के निर्देश पर आयोजित इस बैठक में जनपद सीईओ डी एस नागवंशी, प्रभारी अधिकारी अमजद जाफरी तथा जिला समन्वयक परवेज हनफी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य लंबित कार्यों में तेजी लाना और योजनाओं को वास्तविक रूप से लाभार्थियों तक पहुंचाना था। अधिकारियों ने व्यक्तिगत शौचालयों की जियो-टैगिंग शीघ्र पूर्ण करने तथा पूर्ण कायोंर् के प्रमाणपत्र समय पर जमा करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि बिना विलंब के मिल सके। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कई पंचायतों में सचिवों की लापरवाही के कारण सामुदायिक शौचालय एवं शेड निर्माण कार्य अधूरे या बंद हालत में पड़े हैं। इस पर अधिकारियों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि निर्देशों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी सचिवों पर कड़ी कार्रवाई होगी। इसके साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध, घर-घर नियमित कचरा संग्रहण और स्वच्छता गतिविधियों की दैनिक व साप्ताहिक रिपोर्टिंग अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रभारी अधिकारी अमजद जाफरी ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के निर्माण को शीघ्र पूर्ण करने तथा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर एवं मुख्यमंत्री समग्र योजना से जुड़े कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया। अंत में सभी सचिवों को समय-सीमा में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के लक्ष्यों को पूरा करने की सख्त हिदायत दी गई, ताकि मैनपुर विकासखंड स्वच्छता मानकों में अग्रणी बन सके।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय का वार्षिक खेलकूद विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा



आईएसबीएम विश्वविद्यालय के कोसमी-छुरा परिसर में आयोजित वार्षिक खेलकूद दिवस–II के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। दूसरे दिन आयोजित स्पर्धाओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। परिसर में पूरे दिन खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। दिवस-II के अंतर्गत बैडमिंटन एकल एवं युगल तथा कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनके परिणाम इस प्रकार रहे बैडमिंटन एकल बालक वर्ग विजेता खुमान बी. विजेताञ वुटा मुकेश बी.टेक मैकेनिकल, अष्टम सेमेस्टर एवं विवेक बी. फार्मा, द्वितीय सेमेस्टर उपविजेता इरफान खान बीबीए, षष्ठ सेमेस्टर एवं खुमान बी. फार्मा, द्वितीय सेमेस्टर, कबड्डी बालिका वर्ग विजेता टीम चांदनी यादव, शस्मिता ध्रुव बीसीए, षष्ठ सेमेस्टर, नंदिनी नेताम, श्रद्धा गोस्वामी, मोनिका ठाकुर बीएससी, चतुर्थ सेमेस्टर, सुनीता यादव, चमेली नेताम बीए, चतुर्थ सेमेस्टर। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद गतिविधियाँ विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आयोजन के दौरान खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का सराहनीय प्रदर्शन देखने को मिला। आगामी प्रतियोगिताओं को लेकर भी विद्यार्थियों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

# विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से गांवों की तस्वीर बदलेगी : डमरूधर पुजारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत 2047 को लक्ष्य रखते हुए विकसित भारत रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण कानून लाया है जो नया कानून है अब हर योग्य लाभार्थी को 125 दिनो की काम की गारंटी हर गांव हर घर तक विकास समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा। यह ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण का एक हिस्सा है। उक्त बाते पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने मैनपुर तहसील मुख्यालय से 06 किमी दूर देहारगुड़ा में आयोजित भाजपा मंडल स्तरीय कार्यशाला एवं सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा। इस दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे। श्री डमरूधर पुजारी ने आगे कहा सबका साथ सबका विकास सबका वि"वास के मूलमंत्र पर चलते हुए देश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अभूतपूर्व प्रगति की है चाहे इंफ्रास्ट्रक्चर हो, डिजिटल इंडिया, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा हो राह है। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, महामंत्री दिनेश सचदेव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, ग्राम पंचायत देहरगुड़ा के सरपंच महेश दिवान, पूर्व सरपंच देवन नेताम, उपसरपंच नीलकुवर बाई, धान उपार्जन केंद्र के अध्यक्ष यमराज ओटी,भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता बाबूलाल साहू, रामजी साहू, हरिनाथ यादव, किशोर यदु, पूर्व मण्डल महामंत्री दिलीप साहू, सुहागा पड़े, मनोज निर्मलकर, कोमल सोनवानी, डाकेश्वर नेगी, ईश्वर नागेश पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच का संचालन युवा मोर्चा के मण्डल उपाध्यक्ष हेमंत साहू ने किया।अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने संगठन की मजबूती, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा "विकसित भारत" के संकल्प को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं जैसे रोजगार, आजीविका, किसान हित, महिला सशक्तिकरण एवं युवाओं के विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करें।

# सेंदर स्कूल की 19 छात्राओं को दी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



सरस्वती साइकिल योजना के तहत शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंदर में कक्षा 9वीं की छात्राओं को निःशुल्क साइकिल वितरण किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने अपनी पढ़ाई के प्रति नया उत्साह जाहिर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू राम साहू (अध्यक्ष, विद्या मंदिर शिक्षण समिति सेंदर) ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने वितरित की जाने वाली साइकिलों पर पुष्प अर्पित कर और गुलाल लगाकर विधिवत पूजा-अर्चना की। अपने संबोधन में उन्होंने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी की सरकार बालिकाओं की शिक्षा के लिए निरंतर सुविधाएं बढ़ा रही है। यह साइकिल सिर्फ वाहन नहीं, बल्कि आपकी शिक्षा के सफर को आसान बनाने का माध्यम है। समय का सदुपयोग करें और घर पर मन लगाकर पढ़ाई करें ताकि अच्छे अंक अर्जित कर सकें।

साइकिल प्राप्त करने वाली छात्राओं में नोकेश्वरी साहू, छाया ध्रुव, प्रतिभा पटेल, साक्षी साहू, चेतना ध्रुव, शीखा साहू, संगीता साहू, गायत्री साहू, निधि साहू सहित कुल 19 छात्राएं शामिल रहीं। छात्राओं ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी, जिससे हमारा मनोबल बढ़ा है। उन्होंने इस योजना के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उपस्थित गणमान्य नागरिकों और शिक्षकों ने कहा कि शासन की इस पहल से ग्रामीण अंचल की बालिकाओं में स्कूल आने के प्रति रुचि बढ़ेगी और ड्राप-आउट रेट में कमी आएगी। सभी ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक रमेश कुमार ध्रुव, रोहित कुमार धुर्वे, पुनाराम यादव, आशुतोष कुर्रे, दीप बांधे, हेमन्त गायकवाड़, गार्गी कश्यप, हेमलता साहू, सुनंदा आसनी सहित समस्त शाला परिवार उपस्थित रहा।

## पेज 1 के शेष...

### ठूंठ में तब्दील होते...

शहर और नगर कि बात छोड़ दिजिए अब जिला मुख्यालय तक हिंसक वन्यप्राणी अपना दस्तक दे रहे हैं जो निश्चित रूप से चिंता जनक विषय है गरियाबंद जिला मुख्यालय के भीतर तक हिंसक वन्यप्राणी तेंदुआ कई बार अपना दस्तक दे चुका है और वन विभाग द्वारा बकायदा पिंजड़े लगाकर तेंदुआ को पकड़ने की कई बार प्रयास किया जा चूका है मैनपुर नगर सहित पूरे जिले के दर्जनों ग्रामों में आए दिनों जंगली वन्यप्राणी भालू, तेंदुआ, लकड़बग्घा, चितल, सांभर, नीलगाय जैसे वन्यप्राणी पहुंच रहे हैं कई बार इन वन्यप्राणियों से अचानक आमना सामना हो जाने पर हिंसक वन्यप्राणी ग्रामीणों को अपना शिकार भी बना रहे हैं दो दिन पहले ही मैनपुर क्षेत्र के तालाब में नहाने गये एक ग्रामीण के उपर लकड़बग्घा ने हमला कर दिया हालंकि लकड़बग्घा की मौत हो गई लेकिन मानव और वन्यप्राणियो के बीच संघर्श बड़ गया है वहीं दूसरी ओर वन्यप्राणी भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहे है लगातार वन्य प्राणी की भी अवैध शिकार की घटनाएं बढ़ रही है। **वन अधिकार पट्टा के नाम पर जंगल का विनाश-** गरियाबंद जिले को कुछ वर्ष पहले तक घनघोर साल के जंगल के नाम से जाना जाता था जिसमें सबसे अधिक साल के जंगल मैनपुर क्षेत्र में पाया जाता है लेकिन अब समान्य वन मंडल की बात को छोड़ दिजिए टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल भी तेजी से सिमटता जा रहा है वन अधिकार पट्टा के नाम पर सबसे ज्यादा वृक्षो की अवैध कटाई हुआ है इस बात से कोई भी इंकार नहीं कर सकता और आज भी हरे भरे किमती वृक्षों की अवैध कटाई बदस्तुर जारी है गरियाबंद जिले के मुख्य मागोंर् की किनारे भी जंगल दिखाई देता है थोड़ा अंदर जाने पर दूर–दूर तक सिर्फ टूठ और मैदान नजर आता है वन अधिकार पट्टा के नाम पर जंगल का जो विनाश हुआ है उसकी भरपाई बेहद ही मुश्किल है लेकिन वास्तविक हकदारों को पट्टा मिलना चाहिए वन अधिकार पट्टा वितरण की निष्पक्ष जांच किया जाए तो कई चौकाने वाले वाले मामले सामने आएगें। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों के भीतर जंगली हाथी का दल भी पहुंचकर एक ओर जहां ग्रामीणों के मकानों और फसलों को नुकसान पहुंचाया है तो वहीं कई लोग इसके शिकार भी हुए है और लाखों रूपये क्षतिपूर्ति राशि किसानों और ग्रामीणों को वितरण किया गया है।

### एनएच 130 सी...

को तत्काल शिथिल किया जाए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश की हिंदी प्रति सार्वजनिक की जाए, पेसा अधिनियम का पालन करते हुए ग्राम सभाओं से विधिवत परामर्श लिया जाए। इस बैठक में प्रमुख रूप जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुनील मरकाम, किसान मजदूर संघर्ष समिति उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के अध्यक्ष अर्जुन सिंह नायक, जय अंबेडकरवादी युवा संगठन के अध्यक्ष पतंग मरकाम, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष दैनिक राम मंडावी, ग्राम पंचायत रिसगांव सरपंच चंद्रकुमार अग्रवानी, जनपद सदस्य प्रतिनिधि ईश्वरी नेताम, गोंडवाना समाज के टीकम सिंह नागवंशी, गोपाल नेताम, अरविंद नेताम, शोभा सरपंच धनश्याम मरकाम, कृष्णा कुमार नेताम, गहराडीह सरपंच शंकर लाल नेताम, भूतबेड़ा सरपंच टीकम मरकाम, नरेश कुमार नेताम, करण नाग, रोहन नेताम, पुरुषोत्तम परदे, नकुल नागेश, रमेश कुमार मरकाम लोकेश कुमार मंडावी, धनेश्वर मरकाम, रविंद्र मरकाम, अशोक कुमार नेताम, हिम्मत नेताम, सुंदरलाल यादव, करण माझी, धनीराम, विनोद कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में राजापड़ाव क्षेत्र के सैकडों ग्रामीण शामिल थे।

### बारात जा रही तेज...

घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में 2 से 3 युवक गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार को हादसे का कारण माना जा रहा है। चालक से पूछताछ की जा रही है और दुर्घटना के वास्तविक कारणों की विस्तृत जांच जारी है।

### असफलता ही सफलता...

है। अतीत के बारे में मत सोचे। जो सामने हैं उसे जीने की कोशिश करें। जीवन सिर्फ परीक्षा नहीं है आपको तय करना होगा कि आपको जीवन में सफल होना है या किताबों में सफल होना है।

### श्रीराम सेना न...

दुबे, मुंगेली जिलाअध्यक्ष नरेश ध्रुव, नवापारा-राजिम ग्रामीण अध्यक्ष गौरव देवांगन, ग्रामीण संयोजक भूषण सोना, ग्रामीण कोषाध्यक्ष दिनेश टंडन को नियुक्त किया। परम पूज्य गुरु जी के द्वारा देश धर्म और मानव की सेवा सुरक्षा करने की प्रतिज्ञा दिलवाई गई नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में श्रीराम सैनिक पंडित आदर्श चतुर्वेदी, राकेश भोई उपस्थित थे।

# बारूला धान खरीदी केंद्र में हमालों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर



धान खरीदी केंद्र बारूला प्रभारी अजय वर्मा एवं वहां कार्यरत हेमालो की उत्कृष्ट व्यवस्था से संस्था द्वारा वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। गेंद राम, रामजी साहू, तेजू निर्मलकर, हिरेंद्र साहू, नारायण साहू, प्रेमलाल, लिखन, अशोक साहू, कर्मचारी तेजराम साहू, सुखराम साहू, नूतन साहू, पंकज ध्रुव इत्यादि हेमालों की मेहनत का सम्मान मिलने से उनके विश्वास और समर्पण भाव को प्रोत्साहित करती है। प्रदेश की भाजपा सरकार के नेतृत्वकर्ता मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसान 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने की सुविधा से अन्नदाताओं में खुशी और उत्साह का माहौल है। यह पहल किसानों के लिए लाभकारी साबित हूआ है। कृषक सरपंच बारूला सुकदेव साहू, कृषक रामाधार साहू सेंदर, ईश्वरी साहू, इन्द्रमन साहू, कमलेश साहू, मोती निषाद, ओमप्रकाश साहू सहित किसान बड़ी संख्या में उपस्थित थे। किसानों ने कहा की अपने धान को बेचने के लिए उपार्जन केंद्र बारूला में बेचे गए। उपार्जन केंद्र बारूला पर बेहतर व्यवस्था और उचित प्रबंधन से किसानों का आत्मविश्वास और अधिक बढ़ा है।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री


02 विकसित भारत जी राम जी अधिनियम से गांवों की...



04 राजिम कुंभ कल्प मेले के सांस्कृतिक मंचों पर...






## खबर संक्षेप



### मां सरस्वती यज्ञ 13 को

**राजिम।** कुंभ कल्प मेला में पधारे श्री चक्रमहामेरू पीठाधीश्वर सच्चिदानंद तीर्थ दंडी स्वामी 13 फरवरी को सुबह 9 बजे से 11:00 बजे तक मां सरस्वती यज्ञ करेंगे। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित श्रद्धालु भाग लेंगे। प्रसादी वितरण भी किया जाएगा। दंडी स्वामी महाराज ने बताया कि इस पवित्र यज्ञ का उद्देश्य भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाना तथा समाज, परिवार व राष्ट्र के लिए एक आदर्श नागरिक का निर्माण करने के साथ-साथ धर्म, अध्यात्म व नैतिकता का विकास करना है और उनके आत्म-सम्मान को विकसित करना है तथा संस्कृति का परिचय कराना है। यज्ञ के माध्यम से बच्चों को अपने धर्म व संस्कृति का महत्व पता चलता है।

### आज निकलेगी नागा साधुओं की शाही पेशवाई

**राजिम।** नागा साधुओं की पेशवाई 7 फरवरी को निकलेगी। यह जानकारी देते हुए दत्तात्रेय मंदिर के सर्वराकार रामकुमार गोस्वामी ने बताया कि भगवान दत्तात्रेय के छोटी प्रतिमा को पालकी में रखकर पेशवाई निकलेगी। सभी नागा साधु इसमें शामिल होंगे। यह पेशवाई महामाया चौक, गोवर्धन चौक, गायत्री मंदिर होते हुए वीआईपी रोड से सीधे लोमश ऋषि आश्रम पहुंचेगी। रास्ते में नागा साधुओं द्वारा शस्त्र प्रदर्शन किया जाएगा। उल्लेखनीय हैं कि पेशवाई यानी राजसी शानो शौकत के साथ संतो का कुम्भ में प्रवेश करना होता हैं। पेशवाई शाही रूप में राजा महाराजो की तरह पैदल, घोड़े और रथो से निकाली जाती हैं और श्रद्धालु उनके मार्ग में स्वागत सम्मान करते हैं। ये संत अपने अपने अखाड़ों से ध्वजा लेकर अपनी सेना और परंपराओं के साथ निकलते हैं। माना जाता हैं कि कुम्भ मेला में पेशवाई के साथ ही साधु संत धार्मिक अनुष्ठान तथा अन्य कार्य में रत हो जाते हैं।

### गौ तस्करी का मामला : मामला दर्ज, पिकअप वाहन और मवेशी जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**झलप।** जिले के तेंदुकोना थाना क्षेत्र में गौ तस्करी का मामला सामने आया है। बजरंग दल व गौ सेवकों की सतर्कता के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन में अवैध रूप से ले जाए जा रहे गौवंश को मुक्त कराया। मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना तेंदुकोना में अपराध क्रमांक 0016/2026 दर्ज किया गया है। यह घटना 5 फरवरी 2026 की रात 10:45 बजे की बताई जा रही है। एफआईआर के अनुसार ग्राम कलमीडीह बांध के आगे पुल के पास तेंदूकोना में पिकअप वाहन सीजी 11 एएम 5537 से अवैध रूप से एक नग मवेशी बैल को बिना चारा-पानी के क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा था। एफआईआर के अनुसार पुलिस ने मौके से एक नग मवेशी (बैल) अनुमानित कीमत 30,000 रुपए, पिकअप वाहन सीजी 11 एएम 5537 अनुमानित कीमत 5,00,000 रुपए को जब्त की है। कुल जब्त मूल्य 5,30,000 बताया गया है। पुलिस ने मौके से आरोपी नंदलाल दास मानिकपुरी (37 वर्ष) निवासी सारागांव, थाना तेंदूकोना को हिरासत में लिया है। पूछताछ के बाद उसे न्यायिक प्रक्रिया में लिया गया। फरार आरोपी की पहचान बबलू सतनामी निवासी सराईपाली बेलटुकरी ओडिसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# ठूंठ में तब्दील होते जंगल और शहरों की ओर दौड़ते वन्यप्राणी, जिले में गहराया मानव-वन्यजीव संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वन विभाग जंगल की सुरक्षा और संरक्षण तथा संवर्धन के लाख दावे करे लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। पूरे जिले में पिछले 15-20 वर्षों के भीतर जिस तेजी से जंगल का एरिया सिमटते गया है और जंगल का दायरा कम होने के कारण वन्यप्राणी भालू, तेंदुआ, लकड़बग्घा, बंदर, हाथी व अन्य हिंसक वन्यप्राणी शहरों की तरफ आने लगे है जिससे मानव और वन्यजीव के बीच संघर्ष की स्थिति देखने को मिल रही है। आज इस पर गंभीर चिंतन करने का समय है जंगल को बचाने और वन्यप्राणियों की सुरक्षा के लिए सिर्फ वन विभाग ही नहीं बल्कि वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को सामने आने की जरूरत है क्योंकि वनांचल क्षेत्र में निवास करने वाले लोगो का 75 प्रतिशत जीविकापार्जन जंगल एवं वनोपज से होती है इसलिए जंगल के संरक्षण और संवर्धन के लिए सभी को अपना योगदान देने की जरूरत है। जंगल के भीतर लगातार अवैध कटाई के चलते तेजी से सिमटते वन्य क्षेत्र से जहां एक ओर जलवायु और पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है वहीं दूसरी ओर जंगल खत्म होने लगे तो शहर की ओर दौड़ने लगे वन्यप्राणी पिछले 5-6 वर्षो के भीतर वन्य प्राणियों के गांव और शहर के तरफ आने की खबर आम बात हो गई है जिसके चलते वन्य जीव और मनुष्य के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण मनुष्य और वन्यप्राणी संकट में नजर आ रहे हैं छोटे-छोटे ▶▶|शेष पेज 2 पर

## जिले के दर्जनों ग्रामों में आए दिन भालू, तेंदुआ व लकड़बग्घा पहुंच रहे



### वन्यप्रणियों की बढ़ रही संख्या

उदंती वन परिक्षेत्र अधिकारी डी के सोनी ने बताया की जंगल में अवैध कटाई के जितने भी मामले आते है उन पर कार्रवाई किया जा रहा है उड़ीसा प्रदेश के लोगों ने टाइगर रिजर्व के जंगल में अवैध कब्जा कर जो गांव बसाए गए थे उसे हटाकर जंगल को अतिक्रमण मुक्त किया जा चुका है गांव के भीतर लगातार वन्य प्राणियों के आने की बात पर उन्होंने कहा एक तरफ जंगल तेजी से सिमट रही है दूसरी ओर वन्यप्राणियों की भी संख्या बढ़ रही है दोनों ही स्थिति है।



## नाइट कर्फ्यू से थमा ओडिशा मार्ग, ग्रामीणों ने खोला मोर्चा, बताया मौलिक अधिकारों का हनन

# एनएच 130 सी पर रात का सफर बंद जंगल में लग रही गाड़ियों की कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्यमार्ग में उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोर जोर एरिया में शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी प्रकार के वाहनो का आवागमन पर रोक लगा दी गई है जिसके कारण तौरेंगा, इंदागांव, कोयबा के आसपास वाहनो की लंबी कतार शाम से सुबह तक लग रही है। वहीं इस दौरान केवल एंबुलेंस आपातकालीन सेवाओ से जुड़े वाहनों को आने -जाने की अनुमति दी जा रही है। इस नेशनल हाइवे मार्ग ओड़िशा राज्य को जोड़ती है जिसके कारण आवागमन बेहद प्रभावित हो रहा है और नेशनल हाइवे 130 सी कोर एरिया से होकर गुजरती है सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब रात में वाहनों की आवागमन प्रतिबंध हो गया है वहीं 50 से अधिक छोटे ग्रामीण क्षेत्रों के आवागमन भी आगे चलकर प्रभावित होने की संभावना है। इन दिनों धान परिवहन कार्य तेजगति से चल रहा है लेकिन सबसे ज्यादा धान परिवहन गाड़ी प्रभावित हो रही है। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिले के कलेक्टर एवं उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व के उपनिदेशक को शुक्रवार को ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें मांग की जाएगी कि वर्तमान सूर्यास्त से सूर्योदय तक प्रतिबंध आदेश ▶▶|शेष पेज 2 पर





### ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने सड़क मार्ग बंद पर जताई नराजगी

उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत आने वाले अनुसूचित (पेसा) ग्रामों में सूर्यास्त से सूर्योदय तक आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को लेकर क्षेत्र के कई ग्रामो के ग्रामीणों में नराजगी व्याप्त है। इसी विषय को लेकर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के ग्राम गोना में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, पेसा ग्राम सभा प्रतिनिधियों, झांकर-पटेल समाज के प्रमुखों तथा बड़ी संख्या में युवाओं की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि बिना ग्राम सभा से परामर्श, बिना क्षेत्रीय मुखियाओं एवं निर्वाचित जनप्रतिनिधियों से चर्चा किए इस प्रकार का एकाएक प्रतिबंध संविधान की पंचम अनुसूची, पेसा अधिनियम 1996 तथा नागरिकों के मौलिक अधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने कभी भी एक झटके में हजारों ग्रामीणों की रात्रीकालीन आवाजाही, सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और आजीविका से जुड़ी गतिविधियों को पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेश नहीं दिया होगा। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों में वन्यजीव संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय निवासियों के जीवन और आजीविका की रक्षा भी निहित रहती है। इस प्रकार सूर्यास्त से सूर्योदय तक पूर्ण प्रतिबंध लगाना संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार),अनुच्छेद 19 (1)(क) (आवागमन की स्वतंत्रता), अनुच्छेद 21 (जीवन व आजीविका का अधिकार) का सीधा उल्लंघन बताया है।

# बारात जा रही तेज रफ्तार बोलेरो पलटी, 6 युवक घायल, 3 की हालत गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

बारात में शामिल होने जा रही एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। यह दर्दनाक हादसा राजिम थाना क्षेत्र अंतर्गत सोहम हॉस्पिटल के पास हुआ, जहाँ तेज रफ्तार से गुजर रही बोलेरो अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे पलट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्ग जिले के अंडा थाना क्षेत्र के ग्राम जंजगिरी से छह युवक बोलेरो में सवार होकर राजिम थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधौरी स्थित एक विवाह समारोह में शामिल होने आ रहे थे। इसी दौरान सोहम हॉस्पिटल के पास वाहन अनियंत्रित हो गया और पलट गया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक हादसा इतना भीषण था कि बोलेरो के चारों पहिए ऊपर की ओर हो गए। दुर्घटना के तुरंत बाद आसपास के लोग और राहगीर बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवकों को वाहन से बाहर निकाला गया और पुलिस व मेडिकल टीम को तत्काल सूचना दी गई। सूचना मिलते ही राजिम पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने सभी ▶▶|शेष पेज 2 पर





# 25 मार्च से 11 अप्रैल तक होंगी 1ली से 11वीं तक की वार्षिक परीक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्रदेश के स्कूलों में सत्र 2025–26 की वार्षिक परीक्षा को लेकर कक्षा 1 से 11वीं तक के लिए दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। जारी आदेश के अनुसार क्षेत्र में वार्षिक परीक्षाएं 25 मार्च 2026 से 10 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएंगी,जो परीक्षा की समय-सारणी जिला शिक्षा अधिकारी स्तर से जारी की जाएगी। उपसंचालक लोक शिक्षण के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि क्षेत्र में वार्षिक परीक्षा के सफल संचालन की पूर्ण जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी की होगी। इसके लिए जिला स्तर पर संचालन समिति, प्रश्न पत्र निर्माण समिति , और मॉडरेशन समिति का गठन 5 फरवरी 2026 तक किया जाना अनिवार्य होगा। निर्देशानुसार कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं के लिए ब्लूप्रिंट के अनुरूप प्रश्न पत्र तैयार किए जाएंगे। परीक्षा पूर्व तैयारी के तहत सैंपल प्रश्न पत्र बनाकर विद्यार्थियों को अभ्यास कराया जाएगा। सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम 28 फरवरी 2026 तक पूर्ण कर रिवीजन कराया जाएगा, वहीं परियोजना कार्य की वार्षिक परीक्षा 5 मार्च 2026 तक पूरी की जाएगी।प्रश्न पत्र निर्माण प्रक्रिया के तहत 15 फरवरी 2026 तक प्रश्न पत्रों के तीन सेट तैयार किए जाएंगे। इसके बाद 20 फरवरी 2026 तक मॉडरेशन प्रक्रिया पूरी होगी। प्रश्न पत्रों को मुद्रण के लिए 25 फरवरी 2026 तक भेजा जाएगा, जबकि मुद्रक द्वारा सीलबंद लिफाफों में प्रश्न पत्र 15 मार्च 2026 तक जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपे जाएंगे। जारी निर्देश सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों पर लागू होंगे।



# हटाए गए लकड़ी-बांस के अवरोध, रास्ता सुगम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुंभ कल्प मेले के दौरान आम लोगों की आवाजाही को लेकर उठ रही लगातार आपत्तियों के बीच आखिरकार प्रशासन ने राहत भरा कदम उठाया है। मेला क्षेत्र के चारों ओर लकड़ी और बांस से की गई।बैरिकेटिंग, जिससे प्रमुख रास्ते पूरी तरह अवरुद्ध हो गए थे उसे हटाया गया। गौरतलब है कि इस अव्यवस्था को लेकर बार-बार प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जा रहा था। भारी बैरिकेटिंग के कारण श्रद्धालुओं, स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और आपातकालीन सेवाओं को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की शाम हरिभूमि की टीम ने स्वयं देखा कि जिन स्थानों पर लकड़ी और बांस के मजबूत बांध लगाकर रास्ते बंद कर दिए गए थे, वहां से अब अवरोध हटाए जा रहे हैं और रास्तों को सुगम बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे मेला क्षेत्र में लोगों की आवाजाही पहले की तुलना में सहज होती नजर आई। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बैरिकेटिंग के कारण मेला क्षेत्र भुलभुलैया में तब्दील हो गया था। लोग कार्यक्रम स्थल, मीना बाजार तक पहुंचने में भटक रहे थे। अब अवरोध हटने से न केवल समय की बचत होगी, बल्कि भीड़ प्रबंधन भी बेहतर ढंग से हो सकेगा। हालांकि लोगों का यह भी कहना है कि यदि शुरूआत से ही व्यवहारिक और जनहितकारी व्यवस्था बनाई जाती, तो इतनी असुविधा से बचा जा सकता था। बावजूद इसके, देर से ही सही प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम सराहनीय माना जा रहा है। अब उम्मीद की जा रही है कि शेष मेला अवधि में प्रशासन स्थायी समाधान, स्पष्ट संकेतक और संतुलित सुरक्षा व्यवस्था पर ध्यान देगा, ताकि राजिम कुंभ कल्प मेला अपनी मूल गरिमा और सहजता के साथ संपन्न हो सके।

## परीक्षा पे चर्चा, पीएम मोदी ने छात्रों को दिए सफलता के मंत्र

# असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परीक्षा पे चर्चा (नौवें संस्करण) कार्यक्रम का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से देखा गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि छात्र तनावमुक्त होकर परीक्षाएं दे। इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के नौवें संस्करण में छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से परीक्षा के तनाव को दूर करते हुए कहा कि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे दूसरों की सलाह जरूर सुने, लेकिन पढ़ाई अपने स्वयं के पैटर्न और गति के अनुसार ही करें। जब तक स्वयं को लाभ महसूस ना हो तब तक अपने तरीके में बदलाव न करें।कुछ छात्र सुबह बेहतर पढ़ाई करते हैं जबकि कुछ रात में इसलिए अपनी क्षमता और पैटर्न पर भरोसा रखें साथ ही सलाह जरूर ले लेकिन तभी अपनाएं जब वह आपके अनुभव से मेल खाएं। छात्रों को अपने जीवन एवं शैक्षिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित की सलाह देते हुए कहा कि देश में डाटा सस्ता होने का मतलब यह नहीं है कि वे इंटरनेट पर समय बर्बाद न करें। उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे अधूरे मन से ही की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो।छात्रें को मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों से पढ़ाई, आराम, कौशल और शौक के बीच संतुलन बनाने की सलाह देते हुए कहा कि यही विकास की कुंजी ▶▶|शेष पेज 2 पर

### परीक्षा की तैयारी में जुट जाए





परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम समाप्त होने के पश्चात संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने कहा कि आगामी बीस एवं इक्कीस फरवरी से 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा होने वाली है अतः आप सभी सकारात्मक सोच रखते हुए परीक्षा की तैयारी में जुट जाए। अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर घर, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। पूरन लाल साहू व्याख्याता ने कहा कि हमें परीक्षा से कभी घबराना नहीं चाहिए। जिन सवालों के जवाब आपको पहले आते है, उन्हें पहले हल कर आत्मविश्वास, लक्ष्य एवं दृढ़ विश्वास के साथ ईमानदारी पूर्वक कार्य करें तो निश्चित सफलता मिलेगी। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेन्द्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नकुल राम साहू, रूद्रप्रताप साहू क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन साहू व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# श्रीराम सेना ने स्वामी जी का किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्रीराम सेना के रायपुर जिला अध्यक्ष शक्ति दुबे ने बताया कि राजिम महाकुंभ के पीठाधीश्वर श्रीराम सेना छत्तीसगढ़ के संरक्षक परम पूज्य स्वामी श्री सच्चिदानंद त्यागी श्रीचक्र महामेरू पीठम जी का शहर के सभी श्रीराम सैनिकों ने भव्य स्वागत किया इस अवसर पर संस्थापक प्रदेश संयोजक श्रवण अन्नूरक्सेल उपस्थित थे। बताया कि दांडी स्वामी की अनुशंसा पर श्री रामसेना छत्तीसगढ़ संस्थापक प्रदेश संयोजक ने प्रदेश का सहसंयोजक किशोरकौशल ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप



### विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर उमड़ा जनसैलाब

**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मैनपुर द्वारा शुक्रवार को विश्व आद्रभूमि दिवस के अवसर पर ग्राम हरदीभाठा में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया। झीलों दलदलों नदियों तालाबों बाढ़ के मैदानों जैसे आद्रभूमियों के संरक्षण के संबंध में जनजागरूकता फैलाई गई। जैव विविधता का संरक्षण जल शुद्धिकरण बाढ़ नियंत्रण, जलवायु संरक्षण, आजीविका का स्त्रेत के संबंध में जागरूक किया गया। इस मौके पर सरपंच मालती बाई कोर्राम, लोचन निर्मलकर, रामजी साहू, योगेश शर्मा, डोमार पटेल, महेन्द्र पटेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी आर के साहू, वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्पादन छबिलाल ध्रुव, अघन सोरी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्या मदिर खरोरा में स्वर कोकिला भारत रत्न लता मंगेशकर की पुण्यतिथि पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्कूल की विद्यार्थी एवं शिक्षिका नीलम कोसरो, लता चंद्राकर, माधुरी पटेल, मनीषा चंद्राकर, हीना चंद्राकर, ललिता धीवर, रूक्मणि सारथी, दीपा कुर्रे, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने लता मंगेशकर को पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। बता दें कि लता मंगेशकर का जन्म 28 सितंबर 1929 को मध्यप्रदेश के इंदौर में हुआ। उनके पिता दीनानाथ मंगेशकर एक कुशल रंगमंचीय गायक थे। दीनानाथ ने लता को तब से संगीत सिखाना शुरू किया, जब वे पांच साल की थी। उनके साथ उनकी बहनें आशा, उषा और मीना भी सीखा करतीं थीं। लता मंगेशकर को लोगों ने हमेशा याद करते हैं।

### सिरपुर में ध्रुव गोंड़ समाज की वार्षिक आमसभा 13 से

**महासमुंद।** आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज 52 गढ़ परिक्षेत्र सिरपुर की वार्षिक आमसभा 13 और 14 फरवरी को सिरपुर स्थित कार्यालय में होगा। मुख्य कार्यक्रम बूढ़ादेव पूजन (गोंगो), पदाधिकारियों का स्वागत, सम्मान, प्रतिभावान व उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मान, सांस्कतिक कार्यक्रम, आय व्यय का विवरण, पदाधिकारियो का मनोनयन किया जाएगा।

### छात्रों, पालकों और अधिकारियों ने देखा परीक्षा पे चर्चा का प्रसारण

**महासमुंद।** परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी उद्बोधन को सामूहिक रूप से देखा और सुना। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) रेखराज शर्मा, एपीसी संपा बोस, प्राचार्य अमी रूफस, कौशल शुक्ला, बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, नवकिरण अकादमी के समन्वयक डी. बसंत सहित डीएमएस स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों से सीधे संवाद करते हुए परीक्षा को उत्सव की तरह लेने, तनावमुक्त रहकर सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री के साथ प्रत्यक्ष चर्चा में शामिल छत्तीसगढ़ से महासमुंद की एकमात्र छात्रा सृष्टि साहू ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह अवसर उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं गौरवपूर्ण रहा।

### निधन

#### रामचंद दिवान

**छुईहा बेलर।** ग्राम बोड़की निवासी रामचंद्र दिवान का 72 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।



## कुंभ कल्प : शहर में दौड़ते हाइवा दे रहे बड़े हादसे को न्योता

# राजिम कुंभकल्प मेले के सांस्कृतिक मंचों पर पसरा सन्नाटा, मीना बाजार में उमड़ रहा रेला

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम**

कुंभकल्प मेले का स्वरूप इस बार अपेक्षा के विपरीत नजर आ रहा है। जहां एक ओर श्रद्धा, संस्कृति और मनोरंजन के संगम के लिए पहचाने जाने वाले इस मेले से प्रशासन को बड़ी उम्मीदें थीं, वहीं जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। पूरे मेला परिसर में यदि कहीं वास्तविक चहल-पहल दिखाई दे रही है तो वह केवल मीना बाजार तक ही सीमित होकर रह गई है। मेले के मुख्य सांस्कृतिक मंचों पर प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन इन कार्यक्रमों के प्रति आम जनता की रुचि नगण्य नजर आ रही है।

शाम ढलते ही मंच क्षेत्र लगभग सूना पड़ जाता है। दर्शकदीर्घा में गिनती के लोग ही नजर आते हैं, जिससे कलाकारों की निराशा साफ झलकती है। इसके उलट मीना बाजार देर रात तक गुलजार रहता है। खिलौनों, घरेलू सामान, खान-पान की दुकानों और झूलों के कारण यहां परिवारों और युवाओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। रात करीब 10 से 11 बजे तक मीना बाजार में रौनक चरम पर रहती है। इसके बाद धीरे-धीरे भीड़ छंटती है और लोग अपने-अपने घरों की ओर रवाना हो जाते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मंचीय कार्यक्रम प्रचार-प्रसार के अभाव से जूझ रहे हैं और उनमें कोई नया आकर्षण नही है। वहीं सुरक्षा बैरिकेटिंग, अव्यवस्थित रास्ते और मंच तक पहुंचने में होने वाली दिक्कतें भी लोगों को वहां जाने से रोक रही हैं। कई दर्शकों ने यह भी कहा कि कार्यक्रमों का समय और विषय जनता की रुचि से मेल नहीं खा रहा है। कुल मिलाकर कुंभकल्प मेला इस समय एकतरफा आकर्षण का शिकार हो गया है, जहां धार्मिक-सांस्कृतिक उद्देश्य पीछे छूटते नजर आ रहे हैं और मेला केवल खरीद-फरोख्त और मनोरंजन तक सिमटता जा रहा है। यदि शीघ्र ही मंचीय कार्यक्रमों में बदलाव, बेहतर प्रचार और व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया गया तो यह स्थिति आगे भी बनी रह सकती है, जो मेले की मूल पहचान के लिए चिंता का विषय है।








**भारी वाहन दुर्घटना को दे रहा न्योता**

कुंभ मेला चल रहा, रात 10 बजे के बाद शहर में दौड़ते हाइवा बने खतरा, कभी भी हो सकती है बड़ी दुर्घटना। इन दिनों राजिम क्षेत्र में कुंभ मेला पूरे शबाब पर है। प्रतिदिन रात 10 बजे मुख्य मंच के कार्यक्रम और मीना बाजार से दर्शक पैदल व दोपहिया वाहनों से अपने घरों की ओर रवाना होते हैं। ठीक इसी समय शहर में एक गंभीर और खतरनाक स्थिति निर्मित हो रही है, जिस पर अब तक पुलिस प्रशासन की ठोस निगरानी नजर नहीं आ रही है। जैसे ही घड़ी का कांटा रात दस बजने की ओर बढ़ता है, भारी भरकम हाइवा और अन्य बड़े मालवाहक वाहनों की कतारें नवापारा शहर में प्रवेश करने लगती हैं। ये वाहन गंज रोड से सोमवारी बाजार होते हुए तेज रफ्तार में बेलाही घाट पुल क्रास कर मेला स्थल की ओर मुड़ते हैं, जहां उस वक्त आम लोगों की आवाजाही सर्वाधिक रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अंधेरे, अव्यवस्थित ट्रैफिक और भीड़ के बीच हाइवा जैसे भारी वाहन चलाना सीधे तौर पर दुर्घटना को न्योता देना है। सबसे अधिक खतरे में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग रहते हैं, जो कार्यक्रम समाप्ति के बाद सड़क पार करते हुए अपने घर लौटते हैं। चिंता की बात यह है कि कई बार हाइवा चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते देखे गए हैं। यदि किसी दिन संतुलन बिगड़ा या ब्रेक फेल हुआ, तो हालात भयावह हो सकते हैं।

### रात 12 बजे के बाद भारी वाहनों को प्रवेश दिया जाए

जानकारों का मानना है कि यह सिर्फ समय की बात है, यदि व्यवस्था नहीं बदली गई तो कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है। नवापारा नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि रात 12 बजे के बाद ही भारी वाहनों को शहर में प्रवेश दिया जाए। विशेषकर गरियाबंद जिले की ओर और रायपुर की ओर से आने वाले हाइवा को मेला और शहर की सीमा में देर रात के बाद ही आने की अनुमति दी जाए। इसके लिए अस्थायी रोक भी लगाई जा सकती है। कुंभ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में जहां सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए, वहां इस तरह की लापरवाही समझ से परे है। यदि समय रहते ट्रैफिक नियंत्रण, बैरिकेटिंग और भारी वाहनों पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो इसकी जिम्मेदारी तय करना मुश्किल हो जाएगा। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन संभावित खतरे को गंभीरता से लेता है या किसी हादसे का इंतजार करता है।

# मुख्यमंत्री जनदर्शन पहुंचे मुरमुरा के ग्रामीण करोड़ों के पुल को सड़क से जोड़ने की गुहार

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोपरा**

ग्राम पंचायत मुरमुरा द्वारा पारित पंचायत प्रस्ताव के साथ ग्राम मुरमुरा के ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ताओं का समूह नारायण साहू की अगवाई में मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम अंतर्गत मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर लोहररसी-मुरमुरा-झरझरा माता मंदिर पहुंच मार्ग निर्माण की मांग जोर शोर के साथ की है। जिस पर प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालक, पंचायत विभाग को तत्संबंध में निर्देशित किया गया है। चूंकि उक्त सम्पर्क मार्ग निर्माण की मांग ग्रामीण और पंचायत पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न स्तर पर किया उल्लेखित किया जाता रहा है कि ग्राम लोहरसी के पास सरगी नदी में जो नया-नवेला पुल बनकर तैयार है उसे किसी गांव से जोड़ा ही नहीं गया है इसलिए इस पुल की उपयोगिता पर सवालिया निशान लगते रहते है। जबकि झरझरा माता मंदिर के लिए पहुंच मार्ग की दरकार विगत दशक भर से ग्रामीणों के साथ-साथ स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्रों को भी रहा है।



उक्त पुल के साथ सम्पर्क मार्ग निर्माण की मांग ग्रामीण विभिन्न फोरम के साथ-साथ प्रशासन के हर स्तर पर उठाया जाता रहा है। जनप्रतिनिधियों के दरवाजे खटखटाते-खटखटाते ग्रामीण थक हार कर अब अंतिम प्रयास के रूप में मुख्यमंत्री के दरबार में हाजिरी लगाकर की है। ग्रामीणों को इस दफे काफी उम्मीद है कि सरगी नदी पर बनाया गया पुलिया एक गॉव के लोगों के नदी पार जाने की जगह आम रास्ते के रूप में उपयोग किया जा सकेगा।

स्थानीय प्रशासन के रवैये से क्षुब्ध ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर पुरजोर तरीके से अपनी मांग किये है। ग्राम मुरमुरा के भाजपा कार्यकर्ता नारायण साहू, रोहित साहू, खोवाराम, किशन साहू, गेंद राम साहू, घनश्याम, तुकेन्द्र साहू, बिसेराम साहू, इच्छाराम आदि ने जनदर्शन में पहुंचकर उक्त मार्ग के निर्माण की मांग की है।

# राजिम कुंभ कल्प में लीना लोकदल की मोहक प्रस्तुति

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर**

राजिम कल्प कुंभ महोत्सव के चतुर्थ दिवस लीना लोक नृत्य दल अभनपुर ने मनमोहक प्रस्तुति दी। देवी जोहार-जोहार और मुड़े बर पीनिया ले देबे संगी मोर गीतो पर कलाकारो ने नृत्य ने दर्शको को झूमने पर मजबूर कर दिया। आकर्षण वेशभूषा और सटीक मेकअप ने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बनाया,आयोजन समिति व मुख्य उद्घोषक निरंजन साहू ने कलाकारो की सराहना करते उनका उत्साहवर्धन किया।



# सत्संग मनुष्य के जीवन को स्वर्ण मय बना देता है : पंडित धनंजय

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा**

ग्राम मोगरा में कथा वाचक पंडित धनंजय तिवारी जी के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत की अमृत वर्षा का होना मोंगरा के लिए सौभाग्य की बात है। पंडित जी की सरल और ओजस्वी शैली कथा को और भी जीवंत बना देती है, जिससे श्रद्धालु घंटों मंत्रमुग्ध होकर भक्ति रस में डूबे रहते हैं। कथा के दूसरे दिन जब धनंजय तिवारी जी वक्ता व्यासपीठ पर आसीन होते हैं, तो ज्ञान, वैराग्य और भक्ति का त्रिवेणी संगम स्वतः ही बन जाता है। पंडित धनंजय तिवारी जी की कथा की आध्यात्मिक बातों को आम बोलचाल की भाषा और उदाहरणों के साथ समझाना, भजन और संकीर्तनः बीच-बीच में भावपूर्ण भजनों के माध्यम से श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया, आयोजक परिवार का सानिध्य जमरथ नेताम, पिलम राम नेताम और हारबाई नेताम जी द्वारा व्यासपीठ का पूजन और संतों का सत्कार किया गया। ग्राम मोंगरा में श्रद्धालुओं की भीड़ इस बात का प्रमाण है कि तिवारी जी की वाणी में गहरा आकर्षण है। श्रद्धालुओं के लिए आज की मुख्य सीख 'सत्संग की महिमा' और 'शुकदेव जी के आगमन' पर विशेष चर्चा होती है।



# पीएम विद्यालय में मोदी की परीक्षा पे चर्चा सुनी

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ अभनपुर**

पीएम श्री उत्कृष्ट विद्यालय अभनपुर में परीक्षा पे चर्चा 2026 का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रेरक संदेशों का सजीव प्रसारण किया गया। प्रधानमंत्री ने देशभर के विद्यार्थियो को आगामी परीक्षा हेतु समय प्रबंधन,बिना तनाव सभी विषयो की तैयारी करने तथा प्राथमिकता के क्रम मे कार्यो को करने जैसे अनेक उपाय दिये। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने समय प्रबंधन, लक्ष्य निर्धारण व तनावमुक्त अध्ययन पर मार्गदर्शन दिया। प्राचार्य डॉ. तारा त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को 100 प्रतिशत परिणाम हेतु प्रेरित किया। नाजिमा एजाज़ ने सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हेमन्त कुमार साहू ने किया। इस दौरान सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेश साहू, विकासखंड स्रोत समन्वयक राकेश कुमार साहू, व्याख्याता ओमेश्वरी साहू, सुमेख पटेल, रेणु सिन्हा, मनीषा देबनाथ, सुखदेव राम साहू, इंदुदेवी मांडे, हरिकृष्ण भोगल, लोकेश्वर साहू, शशि बर्मन, शकुन्तला देवी, हेमांसी साहू, स्वाति वैष्णव, अविचल सिन्हा, मोनिका कुर्रे, लोकू राम तारक, भागवत साहू, दीपिका, दिनेश पटेल सहित सैक ड़ो संख्या मे विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।



## मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष का गरियाबंद थाने में औचक निरीक्षण

# हिरासत में अमानवीयता बर्दाश्त नहीं : नायक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गरियाबंद**

राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरिधारी नायक ने शुक्रवार को अचानक सिटि कोतवाली गरियाबंद पहुंचकर पुलिस कार्यप्रणाली, शिकायत निवारण व्यवस्था और थाने में आने वाले आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की वास्तविक स्थिति जानकारी ली।

उन्होंने वहाँ की अभिलेख व्यवस्था, हथियार कक्ष, मालखाना तथा थाने की सुरक्षा प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने रजिस्टरों की जांच की और अपराधों से संबंधित अभिलेखों, पंजीकरण की स्थिति तथा जनशिकायतों के निवारण प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पंजीकरण में किसी प्रकार की देरी या अनावश्यक बाधा नहीं आनी चाहिए तथा आम नागरिकों को न्याय दिलाने में पारदर्शिता और संवेदनशीलता होनी चाहिए। श्री नायक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों की सुनवाई समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से करें। उन्होंने पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला शिकायतों के निवारण में त्वरित कार्रवाई, परामर्श सुविधा और कानूनी सहायता को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।



**अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं-** उन्होंने लॉकअप का निरीक्षण करते हुए बंदियों की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था और मानवाधिकारों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हिरासत में लिए गए व्यक्तियों के साथ किसी भी प्रकार की अमानवीयता या अधिकारों का हनन बर्दाश्त नहीं होनी चाहिए। लॉकअप में स्वच्छता, रोशनी, पानी, स्वास्थ्य सुविधा और भोजन व्यवस्था को मानक अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि पुलिस को नागरिकों की सुरक्षा और न्याय प्रदान करना है। इसलिए कानून-व्यवस्था के साथ-साथ मानवीय संवेदनाओं को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने थाना प्रभारी को सभी लंबित मामलों की समीक्षा कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

